## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 18/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** G, H, I, J, M, N और O, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। O के दाएं से गिनने पर O और J के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I के दाएं से गिनने पर H और I के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, I के ठीक दाएं बैठा है। G, N के ठीक दाएं बैठा है। M के दाएं से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. O
2. I
3. G
4. N

**Q.2** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर USTD, VUWH से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, PAVG, QCYK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZJOU दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. ALRY
2. BHRX
3. CMQY
4. CKSZ

**Q.3** XUYZ अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से WTXY से संबंधित है। EBFG ठीक उसी प्रकार DAEF से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, DAEF दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. CZDE
2. CZCE
3. CYCE
4. CACH

**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. LIM
2. QNR
3. IGJ
4. BYC

**Q.5** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CALF' को '7904' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'FACE' को '0489' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 9
2. 8
3. 4
4. 0

Q.6 दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 22 27 33 40 ?

Ans

1. 50

2. 48

3. 49

4. 47

Q.7 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखे जाने पर शृंखला पूरी हो जाएगी।

PMS_ _ P_ _ TV _ M_TVPM _ _ V

Ans

1. MVTSPSST

2. TMVSPSST

3. TVMSPTSS

4. TVMSPSST

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पिंजरे, घोंसले हैं।
कुछ घोंसले, घर हैं।
कोई भी घर, मांद नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई भी पिंजरा, मांद नहीं है।
(II): कुछ घर, पिंजरे हैं।

Ans


1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।


3. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।


4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।


**Q.9** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।




**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 


**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**EBF FCG GDH HEI ?**

**Ans**


1. FIJ
2. IFJ
3. IKM
4. IJF


Q.11 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.12 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FWOD' को '23-6-14-25' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'SINH' को '10 -20-15-21' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'TYLB' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans

1. 12-8-20-27

2. 9-4-17-27

3. 10-6-19-29

4. 10-5-18-26

Q.13 C, D, G, H, I, K और L एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
K के दाईं ओर से गिनने पर K और I के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर H और C के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I, C के ठीक दाईं ओर बैठा है। G, L के ठीक दाईं ओर बैठा है।
D के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans


1. I

2. C


3. G


4. L


**Q.14** एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.15** यदि शब्द ALTERING के प्रत्येक अक्षर को व्युत्क्रमित अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?


**Ans**


1. दो
2. एक का भी नहीं
3. तीन
4. एक


**Q.16** उस वेन-आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता हो।


एशिया, बैंगलोर, भारत

**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.17** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**105 155 196 228 251 ?**

**Ans**

1. 272
2. 265
3. 280
4. 258

**Q.18** Q, P की पुत्री है। P, R का पिता है। R, S की पत्नी है। T, S का पुत्र है। Q का T से क्या संबंध है?

**Ans**


1. माता की बहन
2. माता की माता
3. माता
4. बहन

**Q.19** यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '−' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणामी 57 होगा?


**Ans**


1. (160 Q 10) R (30 Q 2) S (16 P 4) R 45
2. (160 Q 10) R (30 P 2) R (16 Q 4) S 45
3. (160 R 10) S (30 Q 2) S (16 Q 4) R 45
4. (160 Q 10) S (30 P 2) R (16 P 4) S 45


**Q.20** एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

**Q.1** भारत में लौह युग निम्नलिखित में से किस कालखंड में आता है?

**Ans**

1. 1000 ई.पू. - 100 ई.
2. 1500 ई.पू. - 200 ई.पू.
3. 200 ई.पू. - 400 ई.
4. 500 ई.पू. - 300 ई.

**Q.2** किस नर्तकी ने चेन्नई में कलाक्षेत्र संस्थान की स्थापना की जो अभिनय कला शैलियों (performing art) को बढ़ावा देता है?

**Ans**

1. मृणालिनी साराभाई
2. यामिनी कृष्णमूर्ति
3. हेमा मालिनी
4. रुक्मिणी देवी अरुंडेल

**Q.3** निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया?

**Ans**

1. 44वां संशोधन अधिनियम
2. 42वां संशोधन अधिनियम
3. 52वां संशोधन अधिनियम
4. 46वां संशोधन अधिनियम

| | |
|---|---|
| **Q.4** | **कोशिका झिल्ली का लचीलापन, किस प्रकार सजीवों के लिए सहायक है?** |
| **Ans** | 1. भोजन को अवशोषित करता है<br>2. संरचना को निर्धारित करता है<br>3. प्रदूषण से बचाता है<br>4. लंबा जीवन प्रदान करता है |

| | |
|---|---|
| **Q.5** | **सितंबर 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री कौन हैं?** |
| **Ans** | 1. जीतन राम मांझी<br>2. पीयूष गोयल<br>3. मनोहर लाल<br>4. धर्मेंद्र प्रधान |

| | |
|---|---|
| **Q.6** | **निम्नलिखित में से कौन-सा विषय समवर्ती सूची के अंतर्गत आता है?** |
| **Ans** | 1. समाचार पत्र<br>2. जुआ<br>3. मुद्रा<br>4. मत्स्य पालन |

| | |
|---|---|
| **Q.7** | **नवंबर 2024 में साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में रक्षा सचिव की भूमिका किसने संभाली?** |
| **Ans** | 1. राजेश कुमार सिंह<br>2. आशीष खन्ना<br>3. दीपक अग्रवाल<br>4. बिभब कुमार तालुकदार |

| | |
|---|---|
| **Q.8** | **1956-1961 की पंचवर्षीय योजना किसके द्वारा तैयार की गई थी?** |
| **Ans** | 1. हैरोड-डोमर<br>2. जवाहरलाल नेहरू<br>3. पी.सी. महालनोबिस<br>4. डी.आर. गाडगिल |

| | |
|---|---|
| **Q.9** | **कोपेन की जलवायु वर्गीकरण स्कीम के अनुसार कौन-सा अक्षर गर्म शीतोष्ण जलवायु (Warm Temperate climate) को निरुपित करता है?** |
| **Ans** | 1. C<br>2. W<br>3. D<br>4. H |

| | |
|---|---|
| **Q.10** | **पद्म भूषण पुरस्कार विजेता लालगुडी गोपाल जयरामन (Lalgudi Gopala Jayaraman) निम्नलिखित में से किस संगीत शैली से सम्बद्ध थे?** |
| **Ans** | 1. लोक संगीत<br>2. कर्नाटक संगीत<br>3. ग़ज़ल<br>4. नृत्य संगीत |

| | |
|---|---|
| **Q.11** | **किस विवरण को सरकारी बजट के रूप में भी जाना जाता है?** |
| **Ans** | 1. वार्षिक हानि विवरण (Annual Loss Statement)<br>2. वार्षिक व्यय विवरण (Annual Expenditure Statement)<br>3. वार्षिक वित्तीय विवरण (Annual Financial Statement)<br>4. वार्षिक राजस्व विवरण (Annual Revenue Statement) |

Q.12 2022 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित, कथक नृत्य शैली के शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली बहनों की जोड़ी कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans
1. बिहार
2. उत्तर प्रदेश
3. राजस्थान
4. हरियाणा

Q.13 हॉर्नबिल महोत्सव (Hornbill Festival) ________ राज्य में मनाया जाता है।

Ans
1. हरियाणा
2. सिक्किम
3. पंजाब
4. नगालैंड

Q.14 आर्थिक संवृद्धि का अच्छा संकेतक क्या है?

Ans
1. राष्ट्रीय आय
2. राष्ट्रीय उपभोग
3. विदेशी निवेश
4. सकल घरेलू उत्पाद

Q.15 ऊष्मागतिकी का कौन-सा नियम कहता है कि ऊर्जा को न तो बनाया जा सकता है और न ही नष्ट किया जा सकता है, इसे केवल स्थानांतरित या परिवर्तित किया जा सकता है?

Ans
1. शून्यवाँ नियम
2. द्वितीय नियम
3. तृतीय नियम
4. प्रथम नियम

Q.16 निम्नलिखित में से किस संगठन की शुरूआत पंडिता रमाबाई सरस्वती द्वारा 1882 में की गयी?

Ans
1. आर्य महिला समाज
2. महिला आत्म रक्षा समिति
3. भारतीय महिला संघ
4. तत्वबोधिनी सभा

Q.17 भारतीय जनगणना कब प्रारंभ हुई थी?

Ans
1. 1947
2. 1951
3. 1901
4. 1872

Q.18 महिला हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया किस राज्य से संबंध रखती है?

Ans
1. हरियाणा
2. उत्तर प्रदेश
3. राजस्थान
4. पंजाब

Q.19 SRS बुलेटिन 2020 के अनुसार भारत में मृत्यु दर कितनी थी?

Ans
1. 5
2. 20
3. 10
4. 6

| | |
|---|---|
| Q.20 | युवा कार्य और खेल मंत्रालय (MYAS) ने आगामी एशियाई पैरा खेलों में भाग लेने के लिए 17 खेल विधाओं में कुल _______ खिलाड़ियों को मंजूरी दी है। |
| Ans | 1. 200<br>2. 350<br>3. 303<br>4. 158 |

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.1 | एक कक्षा में 40 विद्यार्थियों की औसत आयु 12 वर्ष है। उनमें से 5 विद्यार्थियों के समूह की औसत आयु 10 वर्ष है और 5 विद्यार्थियों के एक अन्य समूह की औसत आयु 14 वर्ष है। शेष विद्यार्थियों की औसत आयु ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 10 वर्ष<br>2. 11 वर्ष<br>3. 12 वर्ष<br>4. 13 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.2 | दिया गया है कि 20 और Y का तृतीयानुपाती X है, यदि Y प्रथम तीन अभाज्य संख्याओं का योग है, तो X का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 10<br>2. 6<br>3. 5<br>4. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.3 | वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर चेतन ₹5400 की राशि का निवेश करता है और विपुल ₹10200 की राशि का निवेश करता है। यदि 3 वर्ष के अंत में, विपुल को चेतन से ₹720 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 5<br>2. 3<br>3. 7<br>4. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.4 | 36, 30, 114 और 380 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 3456<br>2. 3440<br>3. 3420<br>4. 3475 |

| | |
|---|---|
| Q.5 | पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 90% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 33% की वृद्धि हो? |
| Ans | 1. 70%<br>2. 30%<br>3. 64%<br>4. 36% |

| | |
|---|---|
| Q.6 | यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹40 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹50 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 33<br>2. 35<br>3. 44<br>4. 40 |

**Q.7** प्रत्येक ₹7,980 की दर से दो टेलीविज़न में बेचे गए, एक से 5% का लाभ हुआ और दूसरे से 5% की हानि हुई। पूरे लेन-देन में लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 0.5% लाभ
2. 0.25% हानि
3. 0.25% लाभ
4. 0.5% हानि

**Q.8** राज के पास ₹1218 हैं। उन्होंने इसे अपने पुत्रों वरुण और आशीष के बीच बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि वरुण और आशीष को क्रमशः 13 और 14 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। राज ने आशीष को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**

1. 430
2. 580
3. 738
4. 638

**Q.9** उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 7 cm, 24 cm और 0.25 m है।

**Ans**

1. 84
2. 42
3. 56
4. 72

**Q.10** 45 km/h की चाल से चल रही 398 m लंबी रेलगाड़ी को 802 m लंबी सुरंग पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

**Ans**

1. 93
2. 96
3. 103
4. 94

**Q.11** 200 m और 250 m लंबी दो रेलगाड़ियाँ क्रमशः 80 km/hr और 60 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चल रही हैं। तेज़ चाल वाली रेलगाड़ी, धीमी चाल वाली रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लेगी?

**Ans**

1. 81
2. 79
3. 77
4. 75

**Q.12** A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 22 दिन, 24 दिन और 33 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि A पहले दिन कार्य करता है, C दूसरे दिन कार्य करता है, B तीसरे दिन कार्य करता है, A चौथे दिन कार्य करता है और इसी क्रम में आगे भी कार्य जारी रहता है, तो कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

**Ans**

1. $25\frac{1}{2}$
2. $28\frac{1}{3}$
3. $22\frac{2}{3}$
4. $24$

**Q.13** आदित्य एक प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेता है, जिसमें अंतिम ग्रेड क्रमशः 20%, 35% और 45% भारिता वाली 100 अंकों की तीन अलग-अलग परीक्षाओं द्वारा निर्धारित किया जाता हैं। यदि आदित्य इन परीक्षाओं में क्रमशः 80, 70 और 60 अंक प्राप्त करता है, तो आदित्य के भारित औसत अंक (weighted average score) कितने है?

**Ans**
1. 67.5
2. 66
3. 66.5
4. 67

**Q.14** एक दुकानदार, जैकेट पर उसके क्रय मूल्य से 18.8% अधिक मूल्य अंकित करता है और खरीदार को ऑनलाइन भुगतान पर 12.5% की छूट प्रदान करता है। दुकानदार को कितना प्रतिशत लाभ होता है? (उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक ज्ञात कीजिए)?

**Ans**
1. 4.06%
2. 5.27%
3. 2.58%
4. 3.95%

**Q.15** 4, a और 16a का चतुर्थानुपाती 81 है। $a^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 16.5
2. 24.75
3. 22.5
4. 20.25

**Q.16** सचिन ने 153 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 85 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

**Ans**
1. 135%
2. 130%
3. 125%
4. 120%

**Q.17** यदि x का 2% = 312 है, तो x ____ के बराबर है।

**Ans**
1. 31300
2. 15700
3. 15600
4. 31200

**Q.18** मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-2) × 8

**Ans**
1. -31
2. -28
3. -32
4. -29

**Q.19** 51, 18, 432 और 144 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 7276
2. 7344
3. 7294
4. 7320

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | मूल्यांकन कीजिए : 16 + 12 ÷ 3 - 2 × 3 | |
| Ans | 1. 17 | |
| | 2. 16 | |
| | 3. 13 | |
| | 4. 14 | |

Section : **Part-D-English**

**Q.1** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Much to his astonishment, the once chaotic office was now surprisingly ________________ after the new management took over.**

Ans
1. hectic
2. disorganised
3. tumultuous
4. organized

**Q.2** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Cat's pajamas**

Ans
1. Frightening and dubious
2. Excellent and Outstanding
3. Boring and repetitive
4. Soft and soothing

**Q.3** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**(A) While teaching, / (B) she draws the diagrams very careful / (C) on the board.**

Ans
1. C
2. No error
3. A
4. B

**Q.4** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Despair**

Ans
1. Incline
2. Clumsy
3. Faith
4. Appear

**Q.5** **Fill in the blank with the most appropriate ANTONYM of the word given in brackets.**
**It's got a pretty (bleak) ____________ outlook on old age.**

Ans
1. clean
2. stony
3. cheerful
4. blank

**Q.6** **Select the most appropriate phrase that can substitute the underlined segment in the given sentence without altering the sentence's meaning.**
**The CEO's decision to restructure the company was seen as a <u>bold move</u> to stay competitive.**

**Ans**
1. cautious approach
2. daring step
3. predictable response
4. timid action

**Q.7** **Select the most appropriate ANTONYM of the highlighted word in the given sentence to fill in the blank.**

**The nature of these two brothers is different. One is arrogant whereas the other one is ___________.**

**Ans**
1. better
2. humble
3. rude
4. honest

**Q.8** **Select the most appropriate option to fill in the blank. Determine the collocation through the sentence.**

**The drowning fisherman waved his hands __________ to get the attention of the rescue team.**

**Ans**
1. poorly
2. strongly
3. softly
4. frantically

**Q.9** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined word(s) in the given sentence.**

**I have just come to know that the engine part <u>is no longer produced and that I require it</u>.**

**Ans**
1. that I require is no longer made.
2. which I need has absent in the market
3. which I needs is not available.
4. is not produced by the company

**Q.10** **Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Despite the initial setbacks, the team <u>remained optimistic</u> and pushed through to achieve their goals.**

**Ans**
1. kept a close eye
2. kept a stiff upper lip
3. kept a bay
4. kept their chin up

**Q.11** **Select the correct spelling of the underlined incorrectly spelt word in the given sentence.**

**The delicate white lilies bloomed in the <u>cemetarry.</u>**

**Ans**
1. cemmetarry
2. cemetary
3. cemetery
4. cematery

Q.12 **The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.**

**Lily and her mother / brightly handled / the difficult / situation.**

Ans
1. brightly handled
2. situation
3. the difficult
4. Lily and her mother

Q.13 **Select the option that rectifies the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**

**Thank you for grantting me 2 days' leave.**

Ans
1. Grainting
2. Granting
3. Grenting
4. Grannting

Q.14 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Construct**

Ans
1. Proceed
2. Demolish
3. Detect
4. Compensate

Q.15 **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**
**The museum's collection features both modern and <u>antiquated</u> artifacts, showcasing the evolution of art over the centuries.**

Ans
1. Outdated
2. Contemporary
3. Ancient
4. Obsolete

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate justice connects the climate (1)_______ to the social, racial and environmental issues in (2)_______ it is deeply entangled. It recognises the disproportionate impacts of climate (3)_______ on low-income and BIPOC communities around the world, the people and places least responsible (4)_______ the problem. For example, in refineries located in California's Bay Area Oil Corridor, low-income communities and communities of colour are the (5)_______ impacted by the presence of the petrochemical industry.

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

Ans
1. chapter
2. context
3. case
4. crisis

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate justice connects the climate (1)_______ to the social, racial and environmental issues in (2)_______ it is deeply entangled. It recognises the disproportionate impacts of climate (3)_______ on low-income and BIPOC communities around the world, the people and places least responsible (4)_______ the problem. For example, in refineries located in California's Bay Area Oil Corridor, low-income communities and communities of colour are the (5)_______ impacted by the presence of the petrochemical industry.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans**

1. which
2. that
3. whom
4. whose

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate justice connects the climate (1)_______ to the social, racial and environmental issues in (2)_______ it is deeply entangled. It recognises the disproportionate impacts of climate (3)_______ on low-income and BIPOC communities around the world, the people and places least responsible (4)_______ the problem. For example, in refineries located in California's Bay Area Oil Corridor, low-income communities and communities of colour are the (5)_______ impacted by the presence of the petrochemical industry.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans**

1. challenge
2. measure
3. controlling
4. change

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate justice connects the climate (1)_______ to the social, racial and environmental issues in (2)_______ it is deeply entangled. It recognises the disproportionate impacts of climate (3)_______ on low-income and BIPOC communities around the world, the people and places least responsible (4)_______ the problem. For example, in refineries located in California's Bay Area Oil Corridor, low-income communities and communities of colour are the (5)_______ impacted by the presence of the petrochemical industry.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**

1. in
2. for
3. at
4. by

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate justice connects the climate (1)_______ to the social, racial and environmental issues in (2)_______ it is deeply entangled. It recognises the disproportionate impacts of climate (3)_______ on low-income and BIPOC communities around the world, the people and places least responsible (4)_______ the problem. For example, in refineries located in California's Bay Area Oil Corridor, low-income communities and communities of colour are the (5)_______ impacted by the presence of the petrochemical industry.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**

1. easy
2. drastic
3. most
4. big

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -
जो इसी लोक से संबंध रखता हो

**Ans**
1. लौकिक
2. पारलौकिक
3. परलोकी
4. अलौकिक

**Q.2** निम्नलिखित में से गलत मुहावरे युग्म की पहचान कीजिए।

**Ans**
1. चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना - घबरा जाना
2. छिपा रुस्तम - देखने में साधारण, वास्तव में गुणी
3. घड़ों पानी पड़ जाना - बहुत अधिक खुश होना।
4. तारे गिनना - व्यग्रता से प्रतीक्षा करना

**Q.3** निम्न में से नारी का पर्यायवाची शब्द नहीं है-

**Ans**
1. वनिता
2. रमणी
3. पूनो
4. वामा

**Q.4** मैं पूरे ________ दिन बाद आया हूँ।

रिक्त स्थान के लिए उचित विशेषण है-

**Ans**
1. बीस
2. कुछ
3. सब
4. तोले

**Q.5** 'राकेश इलाहाबाद घूमने-फिरने गया था |' वाक्य में प्रयुक्त घूमने-फिरने किस प्रकार का शब्द युग्म है ?

**Ans**
1. निरर्थक-निरर्थक
2. पर्यायवाची शब्द
3. सार्थक-निरर्थक
4. सार्थक-सार्थक

**Q.6** उसका कलम खो गया है।

स्त्रीलिंग की दृष्टि से वाक्य का शुद्ध रूप है-

**Ans**
1. उसकी कलम खो गया है।
2. उसकी कलम खो गई है।
3. उसके कलम खो गए हैं।
4. उसकी कलम खोने ही वाली है।

**Q.7** दिए गए शब्द का उचित विलोम शब्द चुनिए-

आयात

**Ans**
1. निर्यात
2. वियात
3. लाना
4. ख्यात

Q.8 'राजा हरिश्चंद्र ने सदैव सत्य का पक्ष लिया|' इस वाक्य में प्रयुक्त 'सत्य' शब्द का विलोम निम्न में से कौनसा शब्द है?

Ans
1. मिथ्या
2. कटुसत्य
3. यथार्थ
4. वास्तविक

Q.9 'यहाँ किसी को भी इस कार्यालय का पता मालुम नहीं है|'
उपरोक्त वाक्य में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है| इसके शुद्ध रूप का चयन करें-

Ans
1. परिणीत
2. वैवाहिक
3. परिणीता
4. विवाहिता

Q.10 वर्तनी की दृष्टि से वाक्य के किस अंश में त्रुटि है?
हमें परिस्थितियों के अनुकुल स्वयं को ढालने का हुनर आना चाहिए।

Ans
1. के अनुकुल स्वयं
2. हमें परिस्थितियों
3. को ढालने का
4. हुनर आना चाहिए।

Q.11 'बिना किसी प्रयास के' - वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करें-

Ans
1. अनुलाप
2. अनुग्रह
3. अनायास
4. अनुकम्पा

Q.12 निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?

हमारे बाप-दादाओं ने कभी ऐसा नहीं किया।

Ans
1. कभी
2. किया
3. हमारे
4. बाप-दादाओं

Q.13 यह आसक्ति है और कुछ नहीं। - वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित एकार्थी शब्द का उचित अर्थ है-

Ans
1. स्वार्थजनित प्रेम
2. मोहजनित प्रेम
3. रोगजनित प्रेम
4. पीड़ाजनित प्रेम

Q.14 मोहन हिंदी पढ़ने के लिए शास्त्री जी के यहाँ गया। इस वाक्य के संयुक्त वाक्य रूप की पहचान कीजिए

Ans
1. मोहन को हिंदी पढ़नी के लिए शास्त्री जी के यहाँ गया था।
2. मोहन को हिंदी पढ़नी है इसलिए शास्त्री जी के यहाँ गया।
3. मोहन को हिंदी पढ़नी है और इसलिए शास्त्री जी के यहाँ गया।
4. मोहन शास्त्री जी के यहाँ गया क्योंकि उसे हिंदी पढ़नी है।

Q.15 **मुहावरे और उसके अर्थ, सही विकल्प चुनें।**
**खाक छानना**

Ans
1. जहाँ-तहाँ जाना
2. काम से जाना
3. भटकना
4. बिना काम दौड़ना

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
भारत प्राचीन काल से ही_______ (21)एवं अहिंसापूर्ण वातावरण वाले विश्व की स्थापना का पक्षधर रहा है और उसने अपनी आंतरिक एवं वैदेशिक नीतियों में भी सर्वाधिक बल इसी पर दिया है। परंतु, भारत की इस नीति का गलत लाभ _______(22) काल से ही उठाया गया है और समय-समय पर उसे अनेक प्रकार की अप्रत्याशित _______ (23)उठानी पड़ी है। वर्तमान भारत भी (1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का भारत) इस समस्या से उबरा नहीं है। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद अपने कुछ पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भारत के सम्बंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा जापान पर ________(24) बम गिराये जाने के बाद से इस शब्द ने सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ राष्ट्रों ने इसे शस्त्र के रूप में अपनाया, जबकि कुछ राष्ट्रों ने अपने विकास की गति को तेज़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण ________ (25) के लिए।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए**

Ans
1. शांति
2. ज्ञान
3. योग
4. समृद्धि

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
भारत प्राचीन काल से ही_______ (21)एवं अहिंसापूर्ण वातावरण वाले विश्व की स्थापना का पक्षधर रहा है और उसने अपनी आंतरिक एवं वैदेशिक नीतियों में भी सर्वाधिक बल इसी पर दिया है। परंतु, भारत की इस नीति का गलत लाभ _______(22) काल से ही उठाया गया है और समय-समय पर उसे अनेक प्रकार की अप्रत्याशित _______ (23)उठानी पड़ी है। वर्तमान भारत भी (1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का भारत) इस समस्या से उबरा नहीं है। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद अपने कुछ पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भारत के सम्बंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा जापान पर ________(24) बम गिराये जाने के बाद से इस शब्द ने सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ राष्ट्रों ने इसे शस्त्र के रूप में अपनाया, जबकि कुछ राष्ट्रों ने अपने विकास की गति को तेज़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण ________ (25) के लिए।

**SubQuestion No : 17**

Q.17 **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए**

Ans
1. नवीन
2. मध्य
3. प्राचीन
4. हड़प्पा

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
भारत प्राचीन काल से ही_______ (21)एवं अहिंसापूर्ण वातावरण वाले विश्व की स्थापना का पक्षधर रहा है और उसने अपनी आंतरिक एवं वैदेशिक नीतियों में भी सर्वाधिक बल इसी पर दिया है। परंतु, भारत की इस नीति का गलत लाभ _______(22) काल से ही उठाया गया है और समय-समय पर उसे अनेक प्रकार की अप्रत्याशित _______ (23)उठानी पड़ी है। वर्तमान भारत भी (1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का भारत) इस समस्या से उबरा नहीं है। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद अपने कुछ पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भारत के सम्बंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा जापान पर ________(24) बम गिराये जाने के बाद से इस शब्द ने सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ राष्ट्रों ने इसे शस्त्र के रूप में अपनाया, जबकि कुछ राष्ट्रों ने अपने विकास की गति को तेज़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण ________ (25) के लिए।

**SubQuestion No : 18**

Q.18 **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए_____**

Ans
1. हीनता
2. आसानियाँ
3. बाधाएँ
4. क्षतियाँ

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
भारत प्राचीन काल से ही_______ (21)एवं अहिंसापूर्ण वातावरण वाले विश्व की स्थापना का पक्षधर रहा है और उसने अपनी आंतरिक एवं वैदेशिक नीतियों में भी सर्वाधिक बल इसी पर दिया है। परंतु, भारत की इस नीति का गलत लाभ _______(22) काल से ही उठाया गया है और समय-समय पर उसे अनेक प्रकार की अप्रत्याशित _______ (23)उठानी पड़ी है। वर्तमान भारत भी (1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का भारत) इस समस्या से उबरा नहीं है। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद अपने कुछ पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भारत के सम्बंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा जापान पर ________(24) बम गिराये जाने के बाद से इस शब्द ने सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ राष्ट्रों ने इसे शस्त्र के रूप में अपनाया, जबकि कुछ राष्ट्रों ने अपने विकास की गति को तेज़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण ________ (25) के लिए।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए**

**Ans**

1. परमाणु
2. जैविक
3. रासायनिक
4. मानव

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 21 से 25 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
भारत प्राचीन काल से ही_______ (21)एवं अहिंसापूर्ण वातावरण वाले विश्व की स्थापना का पक्षधर रहा है और उसने अपनी आंतरिक एवं वैदेशिक नीतियों में भी सर्वाधिक बल इसी पर दिया है। परंतु, भारत की इस नीति का गलत लाभ _______(22) काल से ही उठाया गया है और समय-समय पर उसे अनेक प्रकार की अप्रत्याशित _______ (23)उठानी पड़ी है। वर्तमान भारत भी (1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का भारत) इस समस्या से उबरा नहीं है। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद अपने कुछ पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भारत के सम्बंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमरीका द्वारा जापान पर ________(24) बम गिराये जाने के बाद से इस शब्द ने सम्पूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ राष्ट्रों ने इसे शस्त्र के रूप में अपनाया, जबकि कुछ राष्ट्रों ने अपने विकास की गति को तेज़ करने के उद्देश्य से शांतिपूर्ण ________ (25) के लिए।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए_____**

**Ans**

1. योग
2. अनुपयोग
3. उपयोग
4. उपभोग